| |
|---|
| कुल छपे प्रश्नों की संख्या 12 |
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या 4 |

KG-21- (XI) हिन्दी अनिवार्य –280

नामांक

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र - 2015-16

## विषय : हिन्दी अनिवार्य

## कक्षा - XI ( ग्यारहवीं )

समय : 3¼ घण्टे | पूर्णांक : 70

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

(2) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न पत्र पर अनिवार्यतः लिखें।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 7

यह धरती है उस किसान की
जो बैलों के कन्धों पर
बरसात घाम में,
जुआ भाग्य का रख देता है,
खून चाटती हुई वायु में,
पैनी कुसी खेत के भीतर,
दूर कलेजे तक ले जाकर,
जोत डालता है मिट्टी को,
पाँस डालकर,
और बीज बो देता है
नये वर्ष में नई फसल के।
ढेर अन्न का लग जाता है
यह धरती है उस किसान की
नहीं कृष्ण की, नहीं राम की,
नहीं भीम, सहदेव, नकुल की,
नहीं पार्थ की,
नहीं तेग, तलवार, धर्म की,
नहीं किसी की, नहीं किसी की,
धरती है केवल किसान की।

(i) कवि ने धरती का असली स्वामी किसे और क्यों बताया है? 2

(ii) 'जुआ भाग्य का रख देता है' कथन से क्या आशय है ? 2

(iii) प्रस्तुत कविता का मूल भाव लिखिए। 2

(iv) प्रस्तुत कविता किस शैली में लिखी गई है ? 1

2. प्रस्तुत अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

वर्तमान काल की निरूद्देश्य शिक्षा प्रणाली एवं गिरते हुए परीक्षा परिणामों का जब हम चिन्तन करते हैं तो हमारे मस्तिष्क में एक शब्द कुलबुलाता है—अनुशासन। अनुशासन को हम दूसरे शब्दों में संयम की संज्ञा दे सकते हैं। अनुशासन शब्द 'अनु व शासन' इन दो शब्दों के मेल से बना है। अनु का अर्थ है—पीछे या अनुकरण तथा शासन का अर्थ है—व्यवस्था, निर्यंत्रण अथवा संयम। इस प्रकार अनुशासन का शाब्दिक अर्थ हुआ नियन्त्रण या संयमपूर्वक रहना। विद्यार्थी-जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है, क्योंकि इस अवस्था में विद्यार्थी जिस प्रकार का आचरण एवं व्यवहार सीख लेता है वही आचरण एवं व्यवहार उसके भावी जवीन का अंग बन जाता है। दूसरी बात यह कि विद्यार्थी का मस्तिष्क चूँकि पूर्ण परिपक्व नहीं होता, यही कारण है कि दूसरों की अपेक्षा विद्यार्थी के सुकोमल मस्तिष्क में अनुशासनहीनता या अनुशासनप्रियता का अधिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में चरित्र-निर्माण तथा शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अनुशासन का होना अनिवार्य शर्त है।

(i) 'अनुशासन' का अर्थ एवं आशय क्या है ? समझाइये। 2

(ii) विद्यार्थी-जीवन में अनुशासन का क्या महत्त्व है ? 2

(iii) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक बताइए। 2

(iv) अनुशासन का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए। 1

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए— 7

(i) कन्या भ्रूण हत्या (ii) शिक्षित नारी—सुख समृद्धिकारी

(iii) पर्यावरण प्रदूषण (iv) स्वच्छ भारत—जनसहभागिता

4. स्वयं को गौरव मानते हुए जलदाय विभाग जयपुर के अधिकारी के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें नगर में व्याप्त जल संकट पर ध्यान आकृष्ट करें। 3

**अथवा**

अपनी ग्राम पंचायत के सचिव की ओर से अपने जिला कलेक्टर को गाँव में फैली मौसमी बीमारियों जैसे मलेरिया, डेगूं के उपचारार्थ हेतु चिकित्सकों की टीम भेजने हेतु कार्यलयी-पत्र लिखिए।

5. छात्रों में बढ़ती नशे की लत पर एक फीचर लिखिए। 3

**अथवा**

आज के दूषित खान-पान पर एक फीचर लिखिए।

6. निम्न में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए—(उत्तर सीमा 100 शब्द) : 4

(i) निशुल्क बालिका शिक्षण के परिणाम (ii) पॉलिथीन का उपयोग

(iii) एकल परिवार

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश में से एक पर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 6

पग घुंघरू बाँधि मीराँ नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहि हो गई साची
लोग कहै, मीराँ भइ बावरी, न्यात कहै कुल-नासी

बिस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीराँ हासी
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी

(i) मीराँ किसके प्रति समर्पित होकर, क्या कहती है ? और क्यों ?

(ii) लोगों ने मीराँ को बावरी क्यों कहा है ?

(iii) राणाजी द्वारा भेजे गये विष के प्याले को मीराँ हँसते-हँसते किसकी कृपा से पी गई ?

(iv) मीराँ को बिरादरी के लोगों ने कुलनाशिनी क्यों कहा ? आप इस कथन पर अपनी सहमति-असहमति व्यक्त कीजिए।

(v) (अ) इस पद का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।
(ब) उपर्युक्त पद का शिल्प सौन्दर्य बताइए।

**अथवा**

बिका दिया घर द्वार,
महाजन ने न ब्याज की कौडी छोडी,
रह-रह आँखों में चुभती वह
कुर्क हुई बरधों की जोड़ी।
उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती ?
अह, आँखों में नाचा करती
उजड़ गई जो सुख की खेती।

(i) किसान का घर-द्वार किसने व क्यों बिका दिया ?

(ii) किसान की आँखों में रह-रहकर कौनसा दृश्य चुभता है ?

(iii) उजरी कौन थी ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) किसान की सुख की खेती क्यों उजड़ गयी थी ?

(v) (अ) प्रस्तुत पद्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।
(ब) प्रस्तुत पद्यांश का भाषा सौष्ठव निरूपित कीजिए।

8. निम्न प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए— 1×3=4

(i) कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(ii) कबीर के अनुसार किन लोगों को आत्म-ज्ञान नहीं होता है ?

(iii) 'चम्पा काले-काले अच्छ नहीं चीन्हती' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1½×4=6

स्पीति हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले की तहसील है। लाहुल-स्पीति का यह योग भी आकस्मिक ही है। इनमें बहुत योगायोग नहीं है। ऊँचे दर्रों और कठिन रास्तों के कारण इतिहास में भी कम रहा है। अलंध्य भूगोल यहाँ इतिहास का एक बड़ा कारक है। अब जबकि संचार में कुछ सुधार हुआ है तब भी लाहुल स्पीति का योग प्राय: 'वायर लेस सेट' के जरिए है जो केलंग और काजा के बीच खड़कता रहता है। फिर भी केलंग के बादशाह को भय लगा रहता है कि कहीं काजा का सूबेदार उसकी अवज्ञा तो नहीं कर रहा है ? कहीं बगावत तो नहीं करने वाला है ? लेकिन सिवाय वायरलेस सेट पर संदेश भेजने के वह कर भी क्या सकता है ? बसंत में भी 170 मील जाना आना कठिन है। शीत में प्राय: असंभव है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइये ?

(ii) स्पीति इतिहास में कम क्यों रहा है ?

(iii) केलंग व काजा के बीच कितनी दूरी है ?

(iv) केलंग के बादशाह को क्या भय सताता रहता है ? इस भय का समाधान वह किसके माध्यम से करता रहता है ?

**अथवा**

पैसों की कमी के कारण ही बारिश का दृश्य चित्रित करने में बहुत मुश्किल आई थी। बरसात के दिन आए और गए लेकिन हमारे पास पैसे नहीं थे, इस कारण शूटिंग बन्द थी। आखिर जब हाथ में पैसे आए अक्टूबर का महिना शुरू हो चुका था। शरद ऋतु में, निरभ आकाश के दिनों में भी शायद बरसात होगी, इस आशा से मैं अपू और दुर्गा की भूमिका करने वाले बच्चे, कैमरा और तकनीशियन को साथ लेकर हर रोज देहात में जाकर बैठा रहता था। आकाश में एक भी काला बादल दिखाई दिया, तो मुझे लगता था कि बरसात होगी। मैं इच्छा करता, वह बादल बहुत बड़ा हो जाए और बरसने लगे।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) फिल्म निर्माता को बरसात में फिल्म की शूटिंग क्यों बन्द करनी पड़ी।

(iii) फिल्म-निर्माता प्रतिदिन देहात में जाकर क्यों बैठा रहता था ?

(iv) फिल्म-निर्माता को प्रकृति पर निर्भर रहना पड़ता है। टिप्पणी कीजिए।

10. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2¼×4=9

(i) 'नमक का दरोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौनसे दो पहलू उभर कर आते हैं ?

(ii) 'फिल्म निर्माण किसी तपस्या से कम नहीं है।' पथेर पंचाली फिल्म के संदर्भ में इस कथन को सिद्ध कीजिए।

(iii) बच्चों को उनकी मेहनत का फल कैसे मिल सकता है। रजनी पाठ के आधार पर स्पष्ट करो।

(iv) आपके और यहाँ के निवासियों के बीच कोई तीसरी शक्ति और भी है—यहाँ तीसरी शक्ति किसे कहा गया है ?

(v) घनराम मोहन को अपना प्रतिद्वन्द्वी क्यों नहीं समझता था ?

11. निम्न प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न कीजिए— 2×3=6

(i) चित्रपट संगीत व शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है ?

(ii) कुई का मुँह छोटा क्यों रखा जाता है ?

(iii) कुमार गन्धर्व ने लता को बेजोड़ गायिका और युग का चमत्कार क्यों कहा है ?

(iv) चेलवांजी किसे कहते हैं ?

12. कोई एक प्रश्न कीजिए— 5

(i) मरूभूमि में पाई जाने वाली खड़िया पट्टी व रेजाणीपानी में क्या सम्बन्ध है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है आपको लता की गायकी में कौनसी विशेषताएँ नजर आती हैं। उदाहरण सहित लिखें।

❑❑❑